देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

इन्दौर, 21 जून 2019। योग अध्ययनशाला देवी अहिल्या, विश्वविद्यालय इन्दौर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँचवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2019 को मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 6:30 बजे देवी अहिल्या, विश्वविद्यालय इन्दौर के तक्षशिला परिसर स्थित आडिटोरियम प्रांगण में योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम किया गया। इसमे लगभग 1000 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत माननीय कुलपति डॉ. नरेन्द्र कुमार धाकड़ ने दीप प्रज्जवलित करके की। योगासन का सामूहिक अभ्यास योग अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस. शर्मा ने कराया । इसी अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला के विद्यार्थियों द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले विभागीय समाचार पत्र ''प्रयोग'' के नवीन अंक का विमोचन माननीय कुलपति जी द्वारा किया गया ये अंक योग विषय पर आधारित है।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. प्रकाश गढ़वाल एवं विश्वविद्यालय के प्रोफेसर/शिक्षक/अधिकारी /कर्मचारीगण और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी